आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 02.10.2023

मुख्य समाचारः–

1– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल छत्तीसगढ़ के एक दिवसीय प्रवास पर बस्तर आएंगे–जगदलपुर में छब्बीस हजार करोड़ रूपए से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

2– प्रधानमंत्री अपने बस्तर प्रवास के दौरान नगरनार स्थित राष्ट्रीय खनिज विकास निगम–एन.एम.डी.सी. ग्रीन फील्ड इस्पात संयंत्र का लोकार्पण करेंगे। साथ ही श्री मोदी ताड़ोकी से रायपुर डेमू ट्रेन सेवा का शुभारंभ करेंगे।

3– देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।

4– प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आज राज्य के सभी नब्बे विधानसभा क्षेत्रों में भरोसा यात्रा निकाली।

प्रधानमंत्री–छत्तीसगढ़

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल तीन अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के एक दिवसीय प्रवास पर बस्तर आएंगे। इस दौरान वे जगदलपुर में छब्बीस हजार करोड़ रूपए से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इन परियोजनाओं में नगरनार स्थित राष्ट्रीय खनिज विकास निगम–एन.एम.डी.सी. ग्रीन फील्ड इस्पात संयंत्र का लोकार्पण भी शामिल हैं। यहां उच्च गुणवत्ता वाला इस्पात निर्मित होगा। यह संयंत्र करीब चौबीस हजार करोड़ रूपए की लागत से बनकर तैयार हुआ है। इस संयंत्र में और इससे जुड़े सहयोगी उद्योगों में हजारों लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

प्रधानमंत्री अपने प्रवास के दौरान अंतागढ़ से ताड़ोकी नई रेललाइन और जगदलपुर से दंतेवाड़ा के बीच डबल रेललाइन राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वहीं, श्री मोदी बोरीडांड से सूरजपुर रेललाइन के दोहरीकरण परियोजना तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जगदलपुर स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री ताड़ोकी से रायपुर डेमू ट्रेन सेवा का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री, इस अवसर पर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–पैंतालीस में कुनकुरी से छत्तीसगढ़–झारखंड सीमा के बीच बनी नई सड़क का भी लोकार्पण करेंगे।

प्रधानमंत्री अपने जगदलपुर प्रवास के दौरान लालबाग मैदान में आमसभा को भी संबोधित करेंगे।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव, पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने आज सभास्थल पहुंचकर तैयारियों का अवलोकन किया।

बस्तर–बंद

कांग्रेस ने नगरनार इस्पात संयंत्र के निजीकरण के विरोध में कल तीन अक्टूबर को बस्तर बंद का ऐलान किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि नगरनार इस्पात संयंत्र बस्तर के लोगों की भावनाओं और उनके आर्थिक हितों से जुड़ा हुआ है। कांग्रेस पार्टी इसके निजीकरण का विरोध करती है। प्रदेश कांग्रेस ने नगरनार इस्पात संयंत्र को बेचने की प्रक्रिया रोकने, एनएमडीसी का मुख्यालय हैदराबाद से बस्तर लाने और बस्तर में एम्स खोले जाने की मांग की है।

## गांधी/शास्त्री–जयंती

देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में राजघाट स्थित बापू की समाधि पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सुबह राजघाट पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की।

इधर, राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर राज्यपाल ने गांधीजी और शास्त्री जी के देश के प्रति अविस्मरणीय योगदान को याद किया।

वहीं, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधीजी ने भारत में स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने सत्य, प्रेम और अहिंसा का मार्ग अपनाकर पूरे विश्व के सामने मिसाल कायम की। श्री बघेल ने शास्त्री जी को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने सादगी से जीवन जिया और अपना पूरा जीवन गरीबों की सेवा में अर्पित कर दिया।

उधर, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय भवन में मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया।

इधर, अंबिकापुर में गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित एक समारोह में चार सौ से अधिक स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया गया।

## छायाचित्र प्रदर्शनी

संस्कृति विभाग द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में रायपुर के महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय स्थित कला वीथिका में आज से तीन दिवसीय चित्र–प्रदर्शनी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी में गांधीजी के जन्म, बचपन, परिवार, किशोरावस्था में अध्ययन सहित जीवनकाल की उल्लेखनीय घटनाओं से संबंधित सौ से अधिक चित्रों का समावेश है। इस प्रदर्शनी का अवलोकन चार अक्टूबर तक सुबह साढ़े दस बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक किया जा सकता है।

## स्वच्छता अभियान–तीसरा चरण

स्वच्छता को केन्द्र में रखकर और पूर्ण स्वच्छता के दृष्टिकोण के साथ सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता और लंबित मामलों को कम करने के साथ एक विशेष अभियान का तीसरा चरण आज से शुरू हो गया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर शुरू हुआ यह विशेष अभियान इकतीस अक्टूबर तक जारी रहेगा। यह अभियान पिछले दो वर्षों में चलाए गए विशेष अभियानों की अगली कड़ी है।

इस बीच, आज आकाशवाणी, नई दिल्ली में एक विशेष स्वच्छता अभियान का तीसरा चरण शुरू किया गया। आकाशवाणी की प्रधान महानिदेशक डॉक्टर वसुधा गुप्ता ने स्वच्छता गतिविधियों का आकलन करने के लिए आकाशवाणी परिसर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्रधान महानिदेशक ने महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की और अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और सफाई कर्मचारियों को सम्मानित भी किया।

## स्वच्छता पखवाड़ा–समापन

स्वच्छ भारत मिशन के तहत बीते पन्द्रह सितंबर से चल रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आज समापन हो गया। इस मौके पर नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके तहत तीन सौ पचास सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर और बीस स्वच्छता दीदियों को उत्कृष्ट कार्य का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही विभिन्न स्कूलों के चार सौ पचास विद्यार्थियों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## कांग्रेस–भरोसा यात्रा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आज राज्य के सभी नब्बे विधानसभा क्षेत्रों में भरोसा यात्रा निकाली। इस यात्रा के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ता अपने–अपने विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचे और लोगों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान नुक्कड़ और जनसभा का भी आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पाटन विधानसभा के सेलूद में आयोजित भरोसा यात्रा में शामिल हुए।

वहीं, उप–मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव सरगुजा और रायगढ़, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज बस्तर और कांकेर, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग और बिलासपुर, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर चरणदास महंत कोरबा और जांजगीर तथा नगरीय प्रशासन मंत्री डॉक्टर शिवकुमार डहरिया रायपुर और महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में इस यात्रा का नेतृत्व किया।

## मुख्य न्यायाधीश–निरीक्षण

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने कल राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर कार्यालय का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने जिला और सत्र न्यायालय बिलासपुर में विस्तार भवन के निर्माण कार्य का जायजा भी लिया। इस मौके पर उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को समय–सीमा पर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए। श्री सिन्हा ने जिला और सत्र न्यायाधीश रमाशंकर प्रसाद को समय–समय पर निर्माण कार्य की निगरानी करने को कहा।

वहीं, मुख्य न्यायाधीश ने न्यायिक अधिकारियों की बैठक ली और पुराने तथा लंबित प्रकरणों के जल्द ही निराकरण के निर्देश दिए।

## ई–नीलामी–पीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिले स्मृति चिन्हों की ई–नीलामी आज से आम जनता के लिए शुरु हो गई है। बोलियां इस महीने की इकतीस तारीख तक जारी रहेंगी। इस नीलामी से एकत्रित धनराशि पवित्र गंगा नदी को पुनर्जीवित करने के लिए नमामि गंगे परियोजना को दान कर दी जाएगी। नीलामी के इस पांचवें संस्करण में सौ रुपये से लेकर पैंसठ लाख रुपये तक के स्मृति चिन्ह ई–नीलामी के लिए उपलब्ध हैं। नई दिल्ली में नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट में ऐसे स्मृति चिन्हों की एक प्रदर्शनी आयोजित की गई है। इसमें एक सौ पचास से अधिक उल्लेखनीय स्मृति चिन्ह हैं, जो राष्ट्र की सांस्कृतिक जीवंतता की झलक प्रदान करते हैं।

## भाषा उत्सव

नई दिल्ली के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर जनपथ में दो दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव और भारतीय भाषा प्रौद्योगिकी समागम का आयोजन किया गया। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ और असम राज्य के भाषा शिक्षण स्टॉल को भी आमंत्रित किया गया था। छत्तीसगढ़ के स्टॉल में प्राथमिक कक्षाओं में स्थानीय भाषा में तकनीकी प्रौद्योगिकी पर शिक्षकों द्वारा किए जा रहे कार्यों को बताया गया है, जिसकी देश–विदेश से आए शिक्षाविद्ों और भाषा शिक्षण के स्कॉलरों ने सराहना की है। वहीं, स्टॉल में

समग्र शिक्षा समूह की ओर से भाषा सीखने में तकनीक के उपयोग को भी बेहतर तरीके से समझाया गया है।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और केन्द्रीय विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितेन्द्र सिंह ने छत्तीसगढ़ के स्टॉल का निरीक्षण किया।

गाय–मौत

बेमेतरा जिले में साजा ब्लॉक के ग्राम पतोरा–डंगनिया के पास सड़क पर दो गायों की लाश मिली है। वहीं, चार से छह गाय गंभीर रूप से घायल हैं। घायल गायों को इलाज के लिए थान खम्हरिया के पास स्थित गौशाला ले जाया गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

चिरई–संरक्षण मैराथन

वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के उपलक्ष्य में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान द्वारा कल तीरथगढ़ में ''चिरई संरक्षण मैराथन'' का आयोजन किया गया। इस दौरान पक्षियों के संरक्षण और संवर्धन के लिए स्थानीय जनजीवन में जागरूकता लाने के लिए प्रचार–प्रसार किया गया। चिरई संरक्षण मैराथन में प्रदेशभर के तीन सौ पचास से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए।

संक्षिप्त समाचार

– आज आकाशवाणी रायपुर का स्थापना दिवस है। वर्ष उन्नीस सौ तिरसठ में आज ही के दिन यानि दो अक्टूबर को आकाशवाणी रायपुर से प्रसारण शुरू हुआ था।

– तेलंगाना के अमरावती में आयोजित मेजर ध्यानचंद कप ऑल इंडिया वूमेन हॉकी प्रतियोगिता में बहतरई बिलासपुर की टीम ने आज एक रोमांचक मुकाबले में साई मुंबई को चार के मुकाबले पांच गोल से पराजित कर फाइनल मुकाबला जीत लिया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>